# द्वितीय पी.यू.सी. प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, अगस्त 2026

**समय : 1 घंटा 30 मिनट** **हिन्दी (03)** **कुल अंक : 40**

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **7x1=7**

1) कानूनगो इलाके कें आते तो इनके चौपाल में ठहरते –
i) थानेदार ii) सुजान महतो iii) साधु–संत iv) महँगू

2) सबसे ऊँचा स्थान इसे देना उचित है –
i) धर्म को ii) झूठ को iii) सत्य को iv) आडंबर

3) ब्रज नारी ने कृष्ण को इस नदी के किनारे देखा –
i) गंगा ii) जमुना iii) कावेरी iv) नर्मदा

4) कवयित्री को इसकी चाह नहीं है –
i) जीने की ii) मरने की iii) अमरों के लोक की iv) पीडा की

5) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए यह बनते हैं –
i) कपड़े ii) आनंद iii) गहने iv) बंधन

6) 'कायर मत बन' कविता के कवि हैं –
i) कुँवर नारायण ii) नरेंद्र शर्मा iii) दुष्यन्त कुमार iv) डॉ. पुण्यमचन्द मानव

7) हँसी के मारे मर जाने की बात कहती है –
i) मँझली बहू ii) बेला iii) छोटी भाभी iv) बड़ी बहू

**आ) कोष्ठक में दिए गये शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** **3x1=3**
**(कर्त्तव्य, सेवा, उदासी)**

8) चेहरे पर .......... थी।
9) स्वार्थी लोग अपने ............ पर ध्यान नहीं देते।
10) ............ करने से चरित्र बनता है।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **3x1=3**

11) i) कमर सीधी करना क) मार डालना।
ii) पोल खुलना ख) आराम करना।
iii) मौत के घाट उतारना ग) रहस्य प्रकट होना।

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

12) सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है ?
13) झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।
14) गंगामैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **1x3=3**

15) 'भगवान की इच्छा होगी तो फिर रुपए हो जाएँगे। उनके यहाँ किस बात की कमी है?'
16) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1x3=3**

17) श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

18) फूल एवं तारों के विषय में कवयित्री महादेवी वर्मा क्या कहती हैं?

**आ) निम्नलिखित ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 1x3=3**

19) ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा–बड़ो सभ सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न।

**अथवा**

युद्धं देहि कहे जब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर;
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर।

**IV अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1x5=5**

20) रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा?

**अथवा**

21) बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

**V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1x2=2**

22) i) सुजान एक पक्का कुँआ बनवाया।
ii) तुम तुम्हारे धर्म का पालन करो।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 3x1=3**

23) i) वह मेरी किताब की चोरी करता है। **(भूतकाल में बदलिए)**
ii) सुजान के मन में तीर्थयात्रा करने की इच्छा थी। **(वर्तमान काल में बदलिए)**
iii) दल से दल लड़ता है। **(भविष्यत् काल में बदलिए)**

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 2x1=2**

24) i) विद्वान ii) साधु

*****